महका भारत
4 जयपुर, 1 अक्टूबर, 2010

फुटपाथ व्यवसायियों ने निकाली रैली

मुख्यमंत्री को सौंपा मांगों का ज्ञापन

जयपुर, 30 सितम्बर (कासं)। फुटपाथ व्यवसायियों ने अपनी मांगों को लेकर गुरुवार को प्रातः 11 बजे गीता आश्रम सोडाला से उद्योग मैदान स्टेचू सर्किल तक रैली निकाल कर प्रदर्शन किया । इस रैली का आयोजन सेंटर फॉर सिविल सोसायटी के तत्वावधान में किया गया। सोसायटी के अमित चन्द्र ने बताया कि फुटपाथ व्यवसायियों की मांग है कि राज्य में फुटपाथ पर दुकान लगा कर जीवन यापन करने वालों के लिए भारत सरकार द्वारा तैयार किए गए मॉडल कानून क़ी तर्ज पर कानून बनाकर जल्द से जल्द लागू किया जाए। चन्द्र ने बताया भारत सरकार ने वर्ष 2004 में फुटपाथ व्यवसायियों के लिए राष्ट्रीय फुटपाथ नीति बनाई जिसके आधार पर राज्य में वर्ष 2007 में थडी-ठेला फुटपाथ व्यवसायियों के लिए 'फेरीवाले का संसार' नाम से एक नीति बनाई गई मगर सरकार इस राज्य में लागू करने में असफल रही। इसी संदर्भ में फुटपाथ व्यवसायियों ने रैली निकाल कर प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि अजमेर ,कोटा, उदयपुर, बीकानेर, जालौर एवं अन्य शहरों के हजारों फुटपाथ व्यवसायियों ने अपना व्यवसाय बंद रख कर रैली में शामिल हुए। रैली के अन्त में फुटपाथ व्यवसायियों तथा सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि मण्डल ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से भेंट कर अपनी मांगों का एक ज्ञापन सौंपा। रैली को जयपुर महानगर थडी ठेला व्यवसाय यूनियन के अध्यक्ष घनश्याम कोतवानी, पूर्व विधायक उदय सिंह राठौड, फुटपाथ व्यवसायी नेता जोधपुर ओमप्रकाश देवडा, परमानन्द सासोदिया, रीमा शेख, अर्चना श्रीवास्तव सहित अन्य ने सम्बोधित किया।

राष्ट्रदूत जयपुर, 1 अक्टूबर, 2010 6

थडी ठेले वालों के लिये कानून बनाने की मांग

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। गली.मौहल्लों में थडी ठेला लगाने वालों के लिये कानून बनाने की मांग को लेकर आज राज्य के सैंकडों लोगों ने जयपुर में रैली निकाली तथा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को ज्ञापन दिया।

नेशनल एसोसिएशन आफ स्ट्रीट वेंडर्स इंडिया के संयोजक अरविन्द सिंह के नेतृत्व में जयपुर के सोढाला स्थित गीता आश्रम से रैली स्टेच्यु सर्किल पहुंची जहां सभा का आयोजन किया गया।

सभा में वक्ताओं ने राज्य के थडी ठेले वालों के लिये कानून बनाने की मांग की ताकि उन्हें आये दिन पुलिस प्रशासन की तरफ से परेशानी का सामना नही करना पडे।

संगठन के प्रवक्ता रंजीत अभिज्ञान ने बताया कि थडी ठेले वालों के लिये कानून बनाने की मांग को लेकर सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम

थड़ी ठेले वालों के लिए कानून बनाने की मांग को लेकर गुरुवार को जयपुर में सोडाला से लेकर स्टेच्यु सर्किल